रफ़्तार

# आबकारी विभाग की कार्रवाई, नकली अंग्रेजी शराब बनाने की पकड़ी फैक्ट्री



*आबकारी विभाग की कार्रवाई, नकली अंग्रेजी शराब बनाने की पकड़ी फैक्ट्री*

news
Jul 17, 2020, 5:05 PM

उदयपुर, 17 जुलाई (हि.स.)। आबकारी विभाग ने गुरुवार रात को मुखबिर से सूचना पर उदयपुर शहर के सवीना थाना क्षेत्र और सेक्टर-14 थाना क्षेत्र में दो घर में अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। दोनों मकानों से नकली शराब बनाने के उपकरण और भारी संख्या में स्प्रिट और खाली बोतलें मिली हैं। अतिरिक्त आबकारी अधिकारी लोकेश जोशी के अनुसार लंबे समय से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में नकली शराब बिक्री की सूचना मिल रही थी जिस पर विभाग की टीम प्रयासरत थी, गुरुवार रात विभाग ने शहर के सवीना थाना क्षेत्र के कच्ची बस्ती इलाके में एक घर मे दबिश दी, जहां से भारी मात्रा में नकली शराब बनाने की सामग्री और स्प्रिट मिली, वहीं गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके के एक मकान में भी दबिश दी गई, वहां से विभाग को नकली शराब बनाने की सामग्री मिली है। इसके अतिरिक्त मौके से बड़ी संख्या में ढक्कन, लेबल, खाली शीशियां , कैप्स भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए तीन व्यक्ति स्प्रिट से नकली देसी शराब तैयार करते व विभिन्न ब्रांड की नकली शराब तैयार कर रहे थे। दोनों जगह कार्रवाई में दिनेश कोठारी, मांगी लाल सालवी और भूपेंद्र सालवी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी राजेश जोशी फरार है।

हिन्दुस्थान समाचार/सुनीता कौशल/संदीप-hindusthansamachar.in

Source:
https://news.raftaar.in/crime/%E0%A4%86%E0%A4%AC%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A5%80-%E0%A4%B5%E0%A4%BF%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%97-%E0%A4%95%E0%A5%80-%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%88-%E0%A4%A8%E0%A4%95%E0%A4%B2%E0%A5%80-%E0%A4%85%E0%A4%82%E0%A4%97%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%87%E0%A4%9C%E0%A5%80-%E0%A4%B6%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%AC-%E0%A4%AC%E0%A4%A8%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A5%87-%E0%A4%AA%E0%A4%95%E0%A4%A1%E0%A4%BC%E0%A5%80-%E0%A4%AB%E0%A5%88%E0%A4%95%E0%A5%8D%E0%A4%9F%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80